शुक्रवार
8 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 94 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## गांधी मैदान में नवनियुक्त मंत्रियों ने ली शपथ, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहे उपस्थित




पटना (अपना नालंदा)। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में नवनियुक्त मंत्रियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल हुए।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने सभी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में श्रवण कुमार, विजय कुमार सिन्हा, डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, निशांत, लेशी सिंह, राम कृपाल यादव, नीतीश मिश्रा, दामोदर रावत, संजय सिंह टाइगर, अशोक चौधरी, भगवान सिंह कुशवाहा, अरुण शंकर प्रसाद, मदन सहनी, डॉ. संतोष कुमार सुमन, रमा निषाद, रत्नेश सादा, कुमार शैलेन्द्र, शीला कुमारी, केदार प्रसाद गुप्ता, लखेंद्र कुमार रौशन, सुनील कुमार, श्रेयसी सिंह, मो. जमा खान, नंद किशोर राम, शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल, डॉ. प्रमोद कुमार, श्वेता गुप्ता, मिथिलेश तिवारी, डॉ. रामचंद्र प्रसाद, संजय कुमार सिंह, संजय कुमार तथा दीपक प्रकाश शामिल रहे।

समारोह में अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, जीतन राम मांझी, गिरिराज सिंह, चिराग पासवान, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय नेता मौजूद रहे। समारोह में बड़ी संख्या में आम लोगों की भी उपस्थिति रही।

## रहुई प्रखंड कार्यालय परिसर में कूड़े से मिले एनआईओएस के महत्वपूर्ण दस्तावेज



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षण संस्था (एनआईओएस) से जुड़े सैकड़ों महत्वपूर्ण दस्तावेज कूड़े के ढेर में मिलने से हड़कंप मच गया। दस्तावेजों में नवसाक्षरों के नामांकन फॉर्म, उत्तर पुस्तिकाएं, प्रगति पत्र एवं प्रमाण पत्र शामिल बताए जा रहे हैं। मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ये दस्तावेज वर्ष 2014-15 बैच से संबंधित हैं। इनमें महिलाओं और बुजुर्ग शिक्षार्थियों की निजी जानकारियां भी दर्ज हैं। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने प्रखंड कार्यालय के पीछे कूड़े में कागजात बिखरे देखे। कई दस्तावेज बारिश में भीगकर खराब हो रहे थे, जबकि कुछ फाइलें खुले में पड़ी मिलीं।

स्थानीय निवासी पप्पू कुमार ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों को इस तरह फेंक देना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने आशंका जताई कि इन कागजातों का गलत इस्तेमाल



भी किया जा सकता है। वहीं साक्षरता प्रेरक उपेंद्र यादव ने कहा कि गांव-गांव जाकर महिलाओं और बुजुर्गों का नामांकन कराया जाता है, लेकिन इस तरह की लापरवाही से उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

बरांदी गांव की शिक्षार्थी मीना देवी ने बताया कि उन्हें प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अब उनके दस्तावेज कूड़े में पड़े मिले हैं। घटना के बाद प्रशासन ने दस्तावेजों को सुरक्षित रखने और पूरे मामले की जांच शुरू करने की बात कही है।

### 9 मई राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर नालंदा में विशेष तैयारी

## ट्रैफिक चालान निपटारे के लिए कई बेंच और काउंटर बनाए गए



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए नालंदा जिले में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ट्रैफिक चालान मामलों के त्वरित निपटारे को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है।

नालंदा कॉलेज ऑडिटोरियम सभागार में ट्रैफिक चालान मामलों के निष्पादन के लिए दो विशेष बेंचों का गठन किया गया है। इसके अलावा चालान वेरिफिकेशन और भुगतान के लिए छह अलग-अलग काउंटर लगाए गए हैं, ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

वहीं हिलसा व्यवहार न्यायालय परिसर में भी एक विशेष बेंच का गठन किया गया है तथा चालान सत्यापन और भुगतान के लिए तीन काउंटर बनाए गए हैं। वेरिफिकेशन काउंटर पर चालान की जांच के बाद यह स्पष्ट किया जाएगा कि संबंधित वाहन चालक पर कितना जुर्माना है और लोक अदालत के तहत कितनी राशि में राहत दी गई है।

इसके बाद संबंधित वादी से लोक अदालत की बेंच के समक्ष समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कराया जाएगा। सेटलमेंट प्रक्रिया पूरी होने के बाद जुर्माने की राशि नगद एवं ऑनलाइन माध्यम से जमा ली जाएगी।

इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी, ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक और ट्रैफिक इंस्पेक्टर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रधान जिला जज ने निर्देश दिया कि ट्रैफिक चालानों का अधिक से अधिक सेटलमेंट सुनिश्चित किया जाए तथा लोक अदालत में आने वाले वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लंबित ट्रैफिक चालान मामलों के त्वरित निष्पादन से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम में बिहार के सावन कुमार चयनित, प्रदेश में खुशी

पटना (अपना नालंदा)। बिहार के युवा हॉकी खिलाड़ी सावन कुमार का भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम में चयन होने से प्रदेश में खुशी की लहर है। सावन कुमार आगामी 15 से 20 मई तक भोपाल, मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाली अंडर-18 भारत-ऑस्ट्रेलिया हॉकी सीरीज में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पटना निवासी सावन कुमार को टीम में गोलकीपर के रूप में जगह मिली है। उनके चयन को बिहार के खेल जगत के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेलहॉकी में बिहार के खिलाड़ी का भारतीय टीम में चयन राज्य के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि सावन कुमार ने अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनका चयन निश्चित रूप से बिहार के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा और राज्य में हॉकी खेल के प्रति युवाओं का उत्साह बढ़ेगा।

खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने सावन कुमार को शुभकामनाएं देते हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।



# 1800 लाभार्थियों की आंखों की जांच, उत्कृष्ट सेवा पर कर्मी सम्मानित



राजगीर (अपना नालंदा)। अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र, राजगीर द्वारा संचालित स्पेशल ड्राइव कैंप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान आंखों की जांच, स्कैनिंग एवं चशमा वितरण कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने पर टेक्निकल ऑप्थाल्मोलॉजिस्ट अजीत कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा केस मैनेजर कविता कुमारी सुमन तथा स्पीच एंड हियरिंग टेक्निशियन ओम प्रकाश आर्य को भी बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

बुनियाद केंद्र के प्रबंधक अमन उल्लाह अतहर ने बताया कि केंद्र को समेकित सेवा प्रदाता केंद्र बनाए जाने के बाद यहां दिव्यांगजन, बुजुर्ग, विधवा महिलाओं तथा समाज के अंतिम पायदान पर जीवन यापन करने वाले लोगों को लगातार नि:शुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र के माध्यम से जीवन प्रमाणीकरण, भूमि संबंधी कार्य, पैन कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड सहित विभिन्न सरकारी एवं चिकित्सा सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि 30 मार्च से प्रारंभ हुए विशेष अभियान के तहत अब तक 1800 लाभार्थियों की आंखों की जांच एवं स्कैनिंग की जा चुकी है। इनमें से 1750 लाभार्थियों को चशमा उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र प्रबंधक ने कहा कि बुनियाद केंद्र गरीबों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है तथा लोगों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है।

# राजगीर में प्रांतीय वंदना संगीत वर्ग शुरू, सांस्कृतिक मूल्यों पर दिया विशेष बल



राजगीर (अपना नालंदा)। राजगीर स्थित पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में प्रांतीय वंदना एवं संगीत अभ्यास वर्ग का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर-पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम तथा नव नालंदा महाविहार के प्रो. विजय कुमार कर्ण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका परिचय कराया। वहीं गयाजी विभाग के विभाग निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते हुए अभ्यास वर्ग के उद्देश्य और महत्व पर विस्तारसे प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता प्रो. विजय कुमार कर्ण ने भारतीय संगीत परंपरा की चर्चा करते हुए कहा कि संगीत हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसकी उत्पत्ति वेदों से हुई है। उन्होंने कहा कि राग , रागिनी, ताल और आरोह-अवरोह भारतीय संगीत की आत्मा हैं। संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, संस्कार निर्माण और सामाजिक समरसता का सशक्त साधन भी है।

उत्तर-पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम ने कहा कि वंदना का शुद्ध एवं नियमित अभ्यास अत्यंत आवश्यक है।

वंदना समाज में एकता, अनुशासन और संस्कार का संदेश देती है तथा लोगों को जोड़ने का कार्य करती है।

उन्होंने विद्यालयों में वंदना अभ्यास को प्रभावी रूप से संचालित करने पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन मार्गदर्शक एवं जिला निरीक्षक मुंगेर विभाग वीरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगीत संयोजक संजीव कुमार पाठक, प्रांत संयोजक राधारमण मिश्र, सह-संयोजक पवन कुमार पंजियारा सहित प्रांत के विभिन्न विद्यालयों से आए 64 आचार्य एवं दीदीजी उपस्थित रहे।









# मलमास मेला 2026 को लेकर धर्मगुरुओं संग प्रशासन ने की महत्वपूर्ण बैठक



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी मलमास मेला 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को आरआईसीसी, राजगीर में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में पूजा समिति, विभिन्न धार्मिक संप्रदायों के धर्मगुरुओं, महंतों एवं पांडा समाज के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 17 मई से 15 जून 2026 तक आयोजित होने वाले मलमास मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं धार्मिक अनुष्ठानों के सुचारु संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न धर्मगुरुओं और साधु-संतों ने मेले में आने वाली संभावित समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया तथा समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि मलमास मेला नालंदा जिले की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रमुख आयोजन है, जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंचते हैं। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं एवं पांडा समाज से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, यातायात नियंत्रण एवं आपातकालीन सहायता व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने जेबकतरे, चोर, उचक्कों और चैन स्नेचिंग करने वाले अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही।

बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न धार्मिक संप्रदायों के धर्मगुरु उपस्थित रहे।

# मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने स्टेकहोल्डर्स संग की समीक्षा



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को आरआईसीसी, राजगीर में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में धर्मशाला संचालकों, होटल मालिकों, टांगा संघ, ई-रिक्शा चालकों, वार्ड पार्षदों, बैंक प्रतिनिधियों, फुटपाथ दुकानदारों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में 17 मई से 15 जून 2026 तक आयोजित होने वाले मलमास मेला की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रशासन ने बताया कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु राजगीर पहुंचेंगे और ब्रह्मकुंड में स्नान करेंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पार्किंग और आवासन जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अतिक्रमण पर सख्ती बरतने, रेड लाइनिंग के बाद ही दुकान लगाने तथा भीड़ प्रबंधन के लिए एसडीएमए गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ई-रिक्शा की कलर कोडिंग तथा तांगा और ई-रिक्शा का रेट लिस्ट लगाने का भी निर्णय लिया गया।


पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। लगातार पेट्रोलिंग, महिला सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और आपातकालीन सहायता के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है। होटल एवं धर्मशाला संचालकों को आगंतुकों का सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में बैंकिंग सुविधा, मोबाइल एटीएम, इंटरनेट सेवा, सड़क एवं नाली मरम्मत तथा मेला क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।







# हरनौत में विशेष अभियान चलाकर तीन बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त



हरनौत (अपना नालंदा)। श्रम संसाधन विभाग, बिहार के निर्देश पर हरनौत प्रखंड में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चांदनी रस्तोगी के नेतृत्व में हरनौत बाजार क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन छापेमारी की गई। अभियान के दौरान दो प्रतिष्ठानों से तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया।

जांच अभियान में विशेष धावा दल की टीम ने दुकानों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर बाल श्रमिकों की पहचान की। कार्रवाई के बाद विमुक्त बच्चों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजकोंके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में बाल श्रम के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रतिष्ठान में बाल श्रमिक पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह, राकेश कुमार, आईडिया संस्था नालंदा के जिला समन्वयक उज्ज्वल कुमार, प्रयास संस्था के अब्दुल मलिक, शैलेंद्र प्रसाद तथा हरनौत थाना की पुलिस टीम शामिल रही।श्रम विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं बाल श्रमिक कार्य करते दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग या थाना को दें, ताकि बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित भविष्य उपलब्ध कराया जा सके।

# भारतीय संस्कृति, मानवता और विश्वबंधुत्व के महान संवाहक थे रवीन्द्रनाथ टैगोर : प्रो सुनीता सिन्हा



संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। नालंदा कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में विश्वकवि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर केवल कवि ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मानवता और विश्वबंधुत्व के महान संवाहक थे। उनकी रचनाओं में प्रकृति, राष्ट्रप्रेम और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से टैगोर के साहित्य और विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।पूर्व प्राचार्य प्रो रघुनाथ प्रसाद कच्छवे ने टैगोर के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय साहित्य को वैश्विक पहचान दिलाई। उनकी कृति गीतांजलि के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिसने भारतीय साहित्य को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ आर के परमहंस, बीएड विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संगीता कुमारी ने भी टैगोर के शिक्षा दर्शन, मानवतावादी चिंतन और कला-संवेदना पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा टैगोर की कविताओं का पाठ, भाषण तथा गीतों की प्रस्तुति के साथ उनके जीवन और साहित्य से संबंधित अपने विचार भी प्रस्तुत किए। संचालन खुशी कुमारी ने किया।






# निशांत कुमार बने स्वास्थ्य मंत्री, हरनौत प्रखंड में जश्न का माहौल, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। उक्त जद(यू) प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार ने दी। उन्होंने
शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य कि कामना की।उधर

मंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर उनके पैतृक क्षेत्र हरनौत प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई। जद(यू) कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और क्षेत्रवासियों ने निशांत कुमार को बधाई संदेश भेजे। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के लगभग 22 दिनों बाद बिहार मंत्रिमंडल के विस्तार में निशांत कुमार को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। पटना के गांधी मैदान में हुए भव्य समारोह में यह विस्तार हुआ, जिसमें निशांत कुमार समेत कई नए चेहरों ने शपथ ली।स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बताया कि निशांत कुमार के स्वास्थ्य मंत्री बनने की खबर मिलते ही पूरे प्रखंड में उत्साह छा गया। हरनौत के विभिन्न गांवों और उनके पैतृक गांव कल्याणविगहा में लोगों ने घर-घर जाकर खुशी साझा की। जद(यू) कार्यकर्ताओं ने कहा कि निशांत कुमार अपने पिता नीतीश कुमार की तरह बिहार को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। वे युवा ऊर्जा और नई सोच के साथ राज्य की प्रगति में योगदान देंगे। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि निशांत कुमार स्वास्थ्य विभाग पर विशेष ध्यान देंगे। एक स्थानीय कार्यकर्ता ने कहा, नीतीश कुमार जी ने बिहार को जो मुकाम दिलाया, निशांत कुमार उसी राह पर चलकर इसे और आगे बढ़ाएंगे। यह उनके समर्थकों और पूरे बिहार के लिए खुशी की बात है। उनके मंत्री बनने को जद(यू) में सकारात्मक विकास के रूप में देखा जा रहा है।हरनौत के लोग बोले कि निशांत कुमार का स्वागत है। इससे अब विकास की नई गति मिलेगी। बधाई देने वालों में डॉ एके सिन्हा, रवि कुमार, कुंदन कुमार पांडे, चंद्रउदय कुमार, सुभाष कुमार, गौतम कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# 17 मई से शुरू होगा विश्वप्रसिद्ध राजगीर मलमास मेला, तैयारियां जोरों पर




संजय वर्मा

राजगीर में लगने वाला विश्वप्रसिद्ध मलमास मेला इस वर्ष 17 मई से शुरू होने जा रहा है। तीन साल में एक बार आयोजित होने वाला यह ऐतिहासिक मेला न केवल बिहार बल्कि पूरे देश और विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहता है। इस बार मेले का टेंडर करोड़ों रुपये में हुआ है, जिससे इसकी भव्यता और तैयारियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

मलमास मेले की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां मनोरंजन, संस्कृति, धार्मिक आस्था और खानपान का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मेले में थिएटर, मौत का कुआं, बड़े-बड़े झूले, ब्रेक डांस झूला, जादूगर शो समेत मनोरंजन के कई आकर्षक साधन लोगों को रोमांचित करेंगे। साथ ही विभिन्न राज्यों के व्यंजनों और जरूरत की हर वस्तु के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

थिएटर संचालक साकेत सिंह ने बताया कि इस बार मेले के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि एक महीने तक चलने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे और दर्शकों के मनोरंजन के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।दिल्ली से आए स्वतंत्र विचारक एवं समाजसेवी विजय प्रधान ने कहा कि राजगीर का मलमास मेला भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने बताया कि यहां स्थित गर्म पानी के कुंड प्राकृतिक धरोहर हैं, जो पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। मेले में आने वाले लोगों के ठहरने के लिए होटल, रेस्टोरेंट और अन्य सुविधाओं की भी बेहतर व्यवस्था की जा रही है।विजय प्रधान ने कहा कि वह हमेशा समाज के हक और हित की आवाज उठाते हैं तथा लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि इस समय वह बिहार दौरे पर हैं और राजगीर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

एक बार फिर राजगीर का विश्वविख्यात मलमास मेला देश-विदेश के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए तैयार है। मेले की भव्यता और सांस्कृतिक रंग लोगों को खास अनुभव प्रदान करेंगे।






# औचक निरीक्षण में पांच एएनएम अनुपस्थित, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने रोका वेतन




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई प्रखंड में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेम शम्भु द्वारा विभिन्न हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के औचक निरीक्षण के दौरान तीन केंद्रों पर पांच एएनएम ड्यूटी से अनुपस्थित पाई गईं। मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा अगले आदेश तक उनका वेतन स्थगित कर दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चंदौरा का जायजा लिया गया, जहां एएनएम पिंकी कुमारी अनुपस्थित मिलीं। इसके बाद हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर वेना में एएनएम रूबी राज, संजु कुमारी और नीलम कुमारी ड्यूटी पर मौजूद नहीं थीं। वहीं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मुर्गियाचक में एएनएम सबिता कुमारी भी अनुपस्थित पाई गईं।

हालांकि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर गोबरिया में सीएचओ एवं एएनएम दोनों ड्यूटी पर उपस्थित मिले। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेम शम्भु ने बताया कि सभी अनुपस्थित एएनएम को 48 घंटे के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को अक्सर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पांच वैश्य मंत्री बनाये जाने पर खुशी, लेकिन संख्या के अनुरूप आठ मंत्री का बनता है हिस्सा : सुंदर साहू

हिलसा(अपना नालंदा )। गुरुवार को वैश्य चेतना समिति के प्रधान कार्यालय- 72 E, पाटलिपुत्रा कॉलोनी, पटना में वैश्य समाज के प्रबुद्ध लोगों की एक बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में बिहार मंत्रिमंडल विस्तार में वैश्य समाज के पाँच प्रतिनिधियों को शामिल करने पर भाजपा जदयू के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है. उल्लेखनीय है की वैश्य समुदाय के डॉ.दिलीप जायसवाल, अरुण शंकर प्रसाद, डॉ.श्वेता गुप्ता, केदार प्रसाद गुप्ता, रामचन्द्र प्रसाद को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है.

इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के प्रदेश अध्यक्ष इ.सुन्दर साहू ने कहा कि एनडीए ने वैश्य समाज पर भरोसा जताकर वैश्य समाज का मान बढ़ाया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नवनियुक्त पंचरत्न, वैश्य मंत्रीगण अपनी सेवा और समर्पण से बिहार को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे, जिससे बिहार अपनी प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा.

वैश्य चेतना समिति के संरक्षक युवा नेता मंजीत आनन्द साहू ने कहा है की दक्षिण बिहार से एक भी वैश्य समुदाय का मंत्री नहीं बनाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। वैश्य समुदाय से उनकी आबादी के अनुरूप कम से कम आठ मंत्री बनाये जाने चाहिए थे. यह संख्या वैश्य समुदाय की करीब अठारह फीसदी आबादी के अनुपात में कम है, वहीं संजीव चौरसिया जैसे तीन बार के विधायक और अनुभवी नेता को नजरअंदाज किया गया है. एक जमाना था जब संजीव चौरासीया जी के घर से भाजपा को



संजीवनी मिलती थी. वहीं से पूरा राजनीतिक अभियान चलाया जाता था. उनके पिता गंगा प्रसाद को भी महज एक बार राज्यपाल बनाकर ड्रॉप कर दिया गया है. वैश्य समुदाय से कमसे कम तीन मंत्री और बनाये जाने चाहिए थे. अभी मंत्रिमंडल में एक स्थान रिक्त है. वैश्य समाज की मांग है की संजीव चौरसिया को मंत्री परिषद में जल्द से जल्द शामिल किया जाय. इससे दक्षिण बिहार के वैश्य प्रतिनिधित्व की कमी भी पूरी हो जाएगी.

इस बैठक में सीए सतीश चौरसिया, रविकान्त चौरसिया, इ० नरेन्द्र लोहानी, मंजीत आनन्द साहू, करमू साह केशरी, महिला विंग की वंदना भारती, सूरज कुमार साह, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

# नालंदा में पेट्रोल-डीजल पर्याप्त, घबराकर खरीदारी नहीं करने की प्रशासन की अपील

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में रसोई गैस एवं पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच गुरुवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने सभी तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों एवं वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की गई।

नोडल सेल्स ऑफिसरों ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहे हैं तथा पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। खपत के अनुसार लगातार आपूर्ति जारी है। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मांग के अनुरूप पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा जरूरत पड़ने पर 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त स्टॉक भी रखें, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

बैठक में बताया गया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8602 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक खरीदारी से बचें।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। बिहारशरीफ के छह, सिलाव के आठ तथा राजगीर के 17 वार्डों में पाइपलाइन का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा।

एलपीजी संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 06112-233168 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने जमाखोरी, कालाबाजारी एवं घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# थरथरी में मुखिया पर हथियारबंद बदमाशों का हमला, रंगदारी मांगने का आरोप

थरथरी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के अमरौरा गांव में अमरौरा पंचायत के वर्तमान मुखिया प्रमोद कुमार पर हथियारबंद बदमाशों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बदमाशों ने मुखिया से एक लाख रुपये रंगदारी की मांग की और विरोध करने पर पिस्तौल के बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

घटना बुधवार की शाम करीब साढ़े छह बजे की बताई जा रही है। मुखिया प्रमोद कुमार ने बताया कि वह अपने कार्यालय में बैठे थे। इसी दौरान गांव के दिलीप पासवान और ज्वाला पासवान हथियार लेकर कार्यालय में घुस आए। दोनों ने गाली-गलौज करते हुए एक लाख रुपये की मांग की। जब उन्होंने रंगदारी देने से इनकार किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी।

मुखिया ने आरोप लगाया कि हमले के दौरान बदमाशों ने पिस्तौल के बट से उनकी दाहिनी आंख पर वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी। घटना के बाद कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग जुट गए। घटना की सूचना फैलते ही गांव में दहशत का माहौल बन गया।मामले की जानकारी मिलते ही थरथरी थाना पुलिस सक्रिय हुई। थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि मुखिया के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# खरुआरा रेलवे हॉल्ट पर मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। चेरो ओपी थाना क्षेत्र के खरुआरा रेलवे हॉल्ट पर गुरुवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान नेहुसा पंचायत के उखड़ा गांव निवासी कृष्ण प्रसाद की 65 वर्षीय पत्नी मीना देवी के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में मृतका के पति कृष्ण प्रसाद ने बताया कि गाजीपुर में उनकी भतीजी की बहू का निधन हो गया था। उसी के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मीना देवी ट्रेन पकड़ने खरुआरा रेलवे हॉल्ट जा रही थीं। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करने के समय वह मालगाड़ी की चपेट में आ गईं, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मामले की जानकारी मिलने पर बिहारशरीफ रेल थाना पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। रेल थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद मामले की जांच की जाएगी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया में जुटी हुई है।



# एनसीसी कैंप में योग, फायरिंग और करियर प्रशिक्षण से निखर रहे कैडेट



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। 38 बिहार बटालियन एनसीसी, बिहारशरीफ के कमांडिंग ऑफिसर राजेश बाहरी के कुशल निर्देशन में आयोजित दस दिवसीय सीएटीसी-5 कैंप के छठे दिन विविध प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। कैंप में बिहार के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों से लगभग 550 कैडेट भाग ले रहे हैं, जिनमें 150 महिला कैडेट भी शामिल हैं। महिला कैडेटों ने भी पूरे उत्साह और साहस के साथ सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

दिन की शुरुआत प्रातःकालीन योग सत्र से हुई। योग अभ्यास का संचालन योग गुरु अनुजा कुमारी के निर्देशन में विकास कुमार एवं आशमरीणिका कुमारी ने किया। इस दौरान कैडेटों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति तथा भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ, मन शांत और विचार सकारात्मक रहते हैं। योगाभ्यास से आत्मविश्वास, अनुशासन, एकाग्रता और आत्मनियंत्रण की भावना भी विकसित होती है।इसके बाद कैंप में कुलपति डॉ. सिद्धार्थ के आगमन पर एनसीसी कैडेटों द्वारा आकर्षक गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। कैडेटों की अनुशासित परेड और समर्पण की सराहना करते हुए कुलपति ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।अपने संबोधन में डॉ. सिद्धार्थ ने नालंदा के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की विश्वव्यापी ख्याति, बौद्ध संस्कृति, शिक्षा व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नालंदा केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की ज्ञान परंपरा का प्रतीक रहा है। कैडेटों ने उनके व्याख्यान को काफी रुचि और उत्साह के साथ सुना।

कार्यक्रम के दौरान राजेश कुमार मिश्रा ने कैडेटों के लिए करियर काउंसिलिंग और उच्च शिक्षा पर विशेष कक्षा का आयोजन किया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षण संस्थानों, रोजगार के अवसरों तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और कैडेटों को लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

दोपहर के सत्र में फायरिंग प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षकों ने कैडेटों को हथियार संचालन, सुरक्षा नियम, लक्ष्य भेदन और फायरिंग के मूल सिद्धांतों की जानकारी दी। इसके बाद कैडेटों ने व्यावहारिक फायरिंग अभ्यास में भाग लिया। पूरे प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया।

मौके पर सूबेदार मेजर ललिंद्र टिंगा, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार मदन मेहता, सूबेदार मान सिंह, नायक विकास कुमार, सूबेदार विशाल पांडेय, हेड क्लार्क उमा शंकर, ट्रेनिंग क्लार्क राज नारायण, एक्स सर्विसमैन संजय, ट्रेनिंग एनसीओ रोमन अधिकारी एवं जीसीआई प्रीति कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# नोनिया पुल के समीप हथियारबंद बदमाशों ने दुकानदार को लूटकर किया घायल



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सारे थाना क्षेत्र के नोनिया पुल के समीप बुधवार की शाम हथियारबंद अपराधियों ने एक मोबाइल दुकानदार से लूटपाट कर उन्हें घायल कर दिया। अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर नकदी, जेवरात और मोबाइल लूट लिया तथा विरोध करने पर चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल दुकानदार का इलाज बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में चल रहा है।

पीड़ित की पहचान बड़ेपुर गांव निवासी ब्रह्मदेव यादव के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में हुई है, जो बेनार में मोबाइल दुकान चलाते हैं। पीड़ित ने बताया कि वे बुधवार की शाम दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान नोनिया पुल के पास पहले से घात लगाए बाइक सवार तीन अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। अपराधियों ने पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी दी और लगभग 80 हजार रुपये नकद, सोने की चेन तथा मोबाइल फोन लूट लिया।

सुधीर कुमार ने बताया कि जब उन्होंने विरोध किया तो अपराधियों ने चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और बरबीघा की ओर फरार हो गए। तीन अपराधियों में एक बाइक स्टार्ट कर खड़ा था, जबकि दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

घटना की सूचना मिलते ही सारे थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# 40 वर्ष से अधिक श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू हुआ



पटना (अपना नालंदा)। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बिहटा में 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत सरकार के केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से किया। यह राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम देश के 12 स्थानों पर एक साथ शुरू किया गया।

कार्यक्रम में बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद मुख्य अतिथि तथा श्रमायुक्त राजेश भारती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्रम सचिव दीपक आनंद ने कहा कि बिहार सरकार श्रमिकों के कल्याण और नई श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने श्रमिकों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता बताया।डीन डॉ. विनय विश्वास ने स्वास्थ्य जांच के महत्व और अस्पताल की व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला। वहीं क्षेत्रीय निदेशक सीए. निरंजन कुमार ने नए लेबर कोड, श्रमिकों के अधिकारों तथा ईएसआईसी द्वारा उपलब्ध चिकित्सा एवं नकद लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी के तहत बीमारी में वेतन, कार्यस्थल दुर्घटना पर पेंशन, मातृत्व लाभ तथा बच्चों के लिए मेडिकल कॉलेज में आरक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

आंचलिक चिकित्सा आयुक्त डॉ. रचिता विश्वास ने कहा कि समय पर स्वास्थ्य जांच से मधुमेह, रक्तचाप एवं हृदय रोग जैसी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान संभव होगी। कार्यक्रम में डीआईएमएस शिशिर भारती सहित कई अधिकारी, चिकित्सक और श्रमिक उपस्थित रहे।

# दो दिनों से लापता युवक का शव नदी से बरामद, हत्या की आशंका

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार थाना क्षेत्र के रामजी चक गांव में दो दिनों से लापता 18 वर्षीय युवक का शव गुरुवार को गोईठवा नदी से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय मुन्नू पासवान के पुत्र अमरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। युवक की हत्या कर शव नदी में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है।

मृतक के भाई रणधीर कुमार ने बताया कि अमरेंद्र मंगलवार की शाम करीब साढ़े चार बजे घर से घूमने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार दोपहर कुछ बच्चों ने नदी में शव पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने कपड़ों, बेल्ट और पैर की उंगलियों के आधार पर शव की पहचान की।

परिजनों का आरोप है कि हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई है। उन्होंने बताया कि मृतक के चेहरे को बुरी तरह कुचल दिया गया था तथा शरीर पर जलाने के निशान भी पाए गए हैं।

दांत टूटे हुए थे और चेहरा पूरी तरह बिगाड़ दिया गया था। अमरेंद्र अगले वर्ष इंटर की परीक्षा देने वाला था और उसकी किसी से दुश्मनी की जानकारी नहीं थी।

घटना की सूचना मिलते ही बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेजा।

पुलिस ने बताया कि शव काफी हद तक सड़ चुका है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# लाखों खर्च के बावजूद राजगीर में बदहाल सफाई व्यवस्था से बढ़ी लोगों की परेशानी




राजगीर (अपना नालंदा)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी के रूप में प्रसिद्ध राजगीर इन दिनों बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा में है। नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था पर प्रतिमाह लगभग 75 लाख रुपये खर्च किए जाने के बावजूद शहर की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है। लगातार बिगड़ती स्थिति से स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटक भी परेशान हैं। इससे राजगीर की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

शहर के हनुमान चौक, आर्यसमाज मंदिर मार्ग, बस स्टैंड क्षेत्र सहित कई प्रमुख इलाकों में सड़क किनारे कचरे के ढेर देखे जा सकते हैं। इन स्थानों पर दिनभर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। भोजन की तलाश में मवेशी कचरे में फेंकी गई पॉलीथिन और अन्य हानिकारक वस्तुएं निगल रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पशु चिकित्सकों का कहना है कि पॉलीथिन पेट में फंसने से मवेशियों की मौत तक हो जाती है। इसके अलावा टूटे कांच और नुकीली वस्तुओं से पशुओं के घायल होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

कचरे के ढेर और सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण राहगीरों तथा वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जबकि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। गर्मी और उमस भरे मौसम में सड़ते कचरे से उठने वाली दुर्गंध आसपास के लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होने से मच्छरों और मक्खियों का प्रकोपतेजी से बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है। लोगों का आरोप है कि सफाई कार्य के लिए बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद धरातल पर उसका प्रभाव दिखाई नहीं देता। कई वार्डों में समय पर कचरा उठाव नहीं हो रहा है और सफाई कर्मियों की निगरानी भी प्रभावी तरीके से नहीं की जा रही है।

वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, महेंद्र यादव सहित अन्य लोगों ने कहा कि राजगीर देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। ऐसे में शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा सड़क किनारे जमा कचरे को तत्काल हटाया जाए। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगाने, आवारा मवेशियों को गोशालाओं में भेजने और समय-समय पर विशेष टीम गठित कर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कराने की भी मांग उठाई गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो राजगीर की धार्मिक और पर्यटन नगरी की पहचान को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में बढ़-चढ़कर भाग लें, शहर को स्वच्छ बनाने में निभाएँ जिम्मेदारी



हिलसा (अपना नालंदा)। समाजसेवी एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने युवाओं और आम नागरिकों से स्वच्छता सर्वेक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिकों द्वारा दिया गया फीडबैक न केवल शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायक होगा, बल्कि नगर की रैंकिंग सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नगर परिषद हिलसा की ओर से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों, सरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं, युवाओं तथा आम नागरिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने और अपनी राय देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।डॉ. मानव ने बताया कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए नगर परिषद कर्मियों के साथ स्वच्छता साथियों की टीम भी लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। अभियान के दौरान लोगों को क्यूआर कोड स्कैन कर 13 प्रश्नों वाले ऑनलाइन फॉर्म को भरने की जानकारी दी जा रही है। नागरिक स्वच्छता ऐप अथवा उपलब्ध लिंक के माध्यम से भी अपना फीडबैक दर्ज कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने की जिम्मेदारी केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएँ और नगर को स्वच्छ व बेहतर बनाने में सहयोग करें।

# दो दिवसीय हड़ताल में विश्वविद्यालय कर्मियों ने दिखाया एकजुटता का दम



हिलसा (अपना नालंदा)। बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर आयोजित दो दिवसीय कलमबंद हड़ताल के दूसरे दिन गुरुवार को एसयू कॉलेज, हिलसा के कर्मचारियों ने प्रशासनिक भवन के समीप धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। हड़ताल के कारण कॉलेज का कार्य प्रभावित रहा तथा छात्र-छात्राओं को बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने हड़ताल की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को भेजते हुए महासंघ के संस्थापक डॉ. ए.के. सेन की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय नेतृत्व की सराहना की तथा कर्मचारियों की मांगों के प्रति सहानुभूति जताई।

महासंघ के मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा, संरक्षक ब्रजकिशोर सिंह, अध्यक्ष वेंकटेश कुमार, महामंत्री रोहित कुमार, पाटलिपुत्र प्रभाग मंत्री दीपक कुमार, अध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद, विनोद कुमार, हिलसा कॉलेज यूनिट अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन एवं कोषाध्यक्षरोनित रॉय ने बताया कि आंदोलन पूरे बिहार में सफल रहा। मुख्य संरक्षक अरुण प्रसाद, शिक्षाविद अवध किशोर प्रसाद और राजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि कर्मियों को दो माह से वेतन एवं पेंशन नहीं मिला है तथा सप्तम वेतनमान एरियर भुगतान में भी देरी हो रही है।

पूर्व जिला सचिव आलोक कुमार सिंह, सचिव शैलेश कुमार, उपाध्यक्ष जलेंद्र कुमार, कुमार पवन, राजू कुमार, बजरंगी लाल वर्मा, रंजीत कुमार, सुभद्रा सिन्हा, सुनीति देवी और प्रदीप कुमार ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर 20 मई को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय मुख्यालय में कुलपति का घेराव किया जाएगा। मौके पर मधुसूदन कुमार, मुनील पटेल, सुजीत कुमार, नवीन कुमार, राजा कुमार, सनोज मालाकार, संगीता, मोहम्मद वसीम, नंदकिशोर, राजेश यादव, अजीत कुमार यादव और परमेंद्र सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन सुराज के प्रदेश व्यावसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने उपेंद्र कुमार विभूति



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जन सुराज पार्टी ने संगठन के पुनर्गठन एवं कार्यक्रमों को गति देने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर 11 सदस्यीय व्यावसायिक प्रकोष्ठ का गठन किया है। पार्टी द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रकोष्ठ में एक अध्यक्ष, एक महासचिव तथा नौ उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इन पदाधिकारियों को राज्य, क्षेत्रीय कोर कमेटी एवं जिला कार्यकारिणी के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन विस्तार तथा कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रदेश अध्यक्ष, जन सुराज पार्टी मनोज कुमार भारती द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में नालंदा निवासी उपेंद्र कुमार विभूति को प्रदेश अध्यक्ष, जबकि पटना महानगर के कमलेश कुमार को प्रदेश महासचिव बनाया गया है।इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मुंगेर के हिमांशु कुंवर, वैशाली के हरिश्चंद्र गुप्ता, गया के प्रमोद कुमार चौधरी, मुजफ्फरपुर के हर्षवर्धन प्रसाद, दरभंगा के केदार साह, सारण के राजन प्रसाद, कटिहार के प्रभाकर प्रसाद प्रभात, लखीसराय के रणजीत कुमार गुप्ता तथा कैमूर के जैनेंद्र कुमार आर्य को मनोनीत किया गया है।पार्टी नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने, व्यावसायिक वर्गों को पार्टी से जोड़ने तथा जनसंपर्क अभियान को तेज करने की अपेक्षा जताई है। जन सुराज पार्टी ने कहा कि नई टीम संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

# जहानाबाद में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण और पर्यटन विकास पर प्रशासन गंभीर




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में पर्यटन विकास की संभावनाओं को बढ़ावा देने तथा ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने बुधवार को हुलासगंज प्रखंड के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने हुलासगंज मठ, लाट स्थित प्राचीन स्तंभ, दावथू ग्राम में संभावित पालकालीन खंडित मूर्तियों तथा जारू बनबरिया के तिर्रा पंचायत स्थित योगेश्वर नाथ शिव मंदिर का निरीक्षण किया।

भ्रमण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने सबसे पहले हुलासगंज मठ में सुरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों का अवलोकन किया। उन्होंने जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी को निर्देश दिया कि मठ में उपलब्ध दुर्लभ पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण कर उन्हें 'ज्ञान भारतम पोर्टल' पर अपलोड करने की प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित की जाए, ताकि ऐतिहासिक दस्तावेजों का संरक्षण लंबे समय तक किया जा सके।

जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने कहा कि जहानाबाद जिले में कई ऐसे ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल मौजूद हैं, जिनमें पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इन धरोहरों के संरक्षण और विकास से जिले की सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।निरीक्षण के दौरान जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी, पदाधिकारी स्वाति कुमारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जहानाबाद में बढ़ी रात्रि पेट्रोलिंग, अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस सख्त हुई



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जहानाबाद पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान के निर्देश पर नगर क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार की मध्य रात्रि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में औचक निरीक्षण एवं सघन जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड क्षेत्र में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों तथा सामानों की बारीकी से जांच की गई। वहीं शहर के विभिन्न होटल और लॉजों में ठहरे लोगों के पहचान पत्र एवं रजिस्टर की भी जांच की गई, ताकि किसी भी संदिग्ध अथवा अवांछित तत्व की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।पुलिस टीम द्वारा स्टेशन और बस स्टैंड के आसपास के इलाकों में दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघन जांच भी की गई। इस दौरान कई वाहनों के कागजातों की जांच की गई तथा लोगों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से शहर में चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही थी। लोगों का मानना है कि पुलिस की लगातार सक्रियता और रात्रि पेट्रोलिंग बढ़ने से अपराधियों पर अंकुश लगेगा। पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान द्वारा चलाए जा रहे अभियान से आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

# सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को सिविल सर्जन, जहानाबाद एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) द्वारा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देढ़ सहिया, काजीसराय तथा सुखियामा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं का गहन अवलोकन किया गया।

सिविल सर्जन ने ओपीडी सेवाएं, प्रसव कक्ष की व्यवस्था, दवा भंडार, टीकाकरण, प्रयोगशाला, संक्रमण नियंत्रण, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन, साफ-सफाई तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने केंद्रों पर आवश्यक दवाओं एवं अन्य जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही रेफरल प्रोटोकॉल का पालन करने तथा 'भाव्या एप' में समय पर सभी सूचनाओं की प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

सिविल सर्जन ने मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बेडशीट की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालयों की नियमित साफ-सफाई तथा प्रतीक्षालय की सुविधा को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी और सुलभ बनाना विभाग की प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 50 प्रतिशत छूट के साथ चालानों का होगा निष्पादन



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान आम नागरिकों की सुविधा तथा लंबित यातायात चालानों के त्वरित निष्पादन को लेकर विशेष चर्चा की गई।

जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब्दुलबारी नगर भवन, जहानाबाद में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इसमें परिवहन विभाग, बिहार सरकार द्वारा लागू "एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना-2026" के तहत लंबित चालानों का सरल एवं सुगम तरीके से निपटारा किया जाएगा।योजना के अंतर्गत मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं में जारी चालानों पर शमन शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसके तहत धारा 177, 178, 179, 180, 181, 182, 183, 186, 189, 192, 194, 196, 198, 201 एवं धारा 190(2) सहित अन्य निर्धारित धाराओं के अंतर्गत जारी चालानों का निपटान किया जाएगा। हालांकि अन्य धाराओं के अंतर्गत निर्गत चालानों के मामलों में वाहन स्वामियों को निर्धारित पूर्ण राशि का भुगतान करना होगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोक अदालत और एकमुश्त चालान निपटान योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि आम नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

# रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर भाजपा नेताओं ने उनके योगदान को किया याद



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित महान कवि, साहित्यकार, दार्शनिक एवं समाज सुधारक रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता एवं गोपाल यादव ने गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर भारतीय संस्कृति, शिक्षा और साहित्य के अमर प्रतीक थे। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक पहचान को विश्व स्तर पर स्थापित किया। उन्होंने कहा कि "जन गण मन" की रचना कर गुरुदेव ने देश को राष्ट्रीय गान दिया, जो प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करता है।

उन्होंने कहा कि टैगोर की रचनाओं में मानवता, प्रेम, प्रकृति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की अद्भुत झलक मिलती है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान भी ऐतिहासिक रहा है।

इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत और महान विभूतियों के आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का जीवन राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का प्रेरणास्रोत है, जिससे नई पीढ़ी को सीख लेने की आवश्यकता है।

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार चयनित



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई नारदीगंज का चुनाव प्रक्रिया गुरुवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय पंडपा में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार विमल ने की। चुनाव पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र कुमार व चुनाव पदाधिकारी महेश प्रसाद के देखरेख में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के नारदीगंज प्रखंड के अध्यक्ष पद मनोज कुमार को चयनित किया गया। इसके अलावा प्रखंड उपाध्यक्ष पद पर श्रीकांत आनन्द,अजीत कुमार, सकलदेव कुमार को,सचिव पद पर राकेश कुमार और कोषाध्यक्ष पद पर इस्तियाक को चयन हुआ। जबकि संयुक्त सचिव पद पर राजेश कुमार व प्रवीण कुमार को,कार्यालय सचिव पद पर सुधांशु कुमार,मीडिया प्रभारी चंदन कुमार और अंकेक्षक पद पर विपिन कुमार विमल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही राज्य स्तरीय प्रतिनिधि में अमरेन्द्र कुमार व जिला स्तरीय प्रतिनिधि में वीरेन्द्र कुमार को पदभार दिया गया है। चुनाव पर्यवेक्षक और चुनाव पदाधिकारी ने सभी चयनित पदाधिकारी को पुष्पमाला और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किये। मौके पर अहमद हुसैन, अनुज कुमार, बिट्टू कुमार,मनोरंजन प्रसाद, अमीरक प्रसाद, आदित्य कुमार समेत अन्य रहे।

# नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान दूसरे दिन श्रद्धाभाव से महायज्ञ शुरु



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित नारदीगंज अंदर बाजार में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान दूसरे दिन गुरुवार को श्रद्धाभाव से महायज्ञ शुरु हो गया। वाराणसी के यज्ञाचार्य समाधि बाबा व उनके 11 सहयोगी ब्राह्मण ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर यज्ञशाला में विधिवत पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्निमंथन व जलाधिवास के साथ पूजा अर्चना कराये। मुख्य यजमान की भूमिका श्रद्धालु संदीप कुमार व उनकी धर्मपत्नी रानी देवी ,प्रवेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी रेशम देवी,प्रिंस कुमार व उनकी धर्मपत्नी खुशी कुमारी,गणेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी बबली देवी,मृत्युंजय कुमार व उनकी धर्मपत्नी शोभा कुमारी ने निभा रहे हैं । वाराणसी के कथावचिक किशोरी कृष्ण ने संगीतमयी भागवत कथा को बहुत सुंदर तरीके से कही। उसके बाद विनोद कृष्णा रासलीला, वृंदावन के कलाकारों ने रासलीला का मंचन किया। यज्ञस्थल के परिसर में मीना बाजार के साथ आकाश झुला,समेत अन्य मनोरंजन का साधन का लुफ्त लोगों ने जमकर उठाया। आयोजित कार्यक्रम में विनय कुमार साव,विनोद कुमार, संदीप कुमार, राजीव रंजन(राजू) कृष्णदेव चक्रवर्ती, संजय कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार,अखिलेश यादव,अजय यादव, मुखिया रणविजय पासवान, सरपंच प्रवेश रविदास, संजय साव,त्रिपुरारी पांडेय,रंजीत कुमार विश्वकर्मा समेत काफी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए।

# पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ नए दायित्वों का निर्वहन करूंगा - निशांत कुमार



पटना (अपना नालंदा)।बिहार मंत्रिमंडल के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने के उपरांत निशांत कुमार प्रदेश पार्टी कार्यालय पहंुचे, जहाँ बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया तथा उनके समर्थन में उत्साहपूर्ण नारे लगाए गए।

इस अवसर पर कर्पूरी सभागार में निशांत कुमार ने बारी-बारी से कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनका अभिनंदन स्वीकार किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री श्रीमती श्वेता गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, सांसद सुनील कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी तथा राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद उपस्थित रहे।

अपने वक्तव्य में निशांत कुमार ने कहा कि वे नीतीश कुमार के मार्गदर्शन एवं मा0 मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के नेतृत्व में पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा नीतीश कुमार के अधूरे संकल्पों को पूर्ण करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने समृद्ध एवं विकसित बिहार के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि निशांत का मंत्री पद की शपथ लेना अत्यंत हर्ष का विषय है और इससे पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का माहौल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि निशांत कुमार, नीतीश कुमार के पदचिन्हों पर चलते हुए "न्याय के साथ विकास" की नीति को आगे बढ़ाएँगे और जनसेवा की नई मिसाल पेश करेंगे।

इस अवसर पर विधायक विनय कुमार चैधरी, पंकज मिश्रा, हेमनारायण साह, श्रीमती शालिनी मिश्रा, वशिष्ठ सिंह, चेतन आनंद, राहुल कुमार सिंह, अतिरेक कुमार, विशाल साह, आदित्य कुमार, ऋतुराज कुमार, अभिषेक कुमार, रूहेल रंजन, शुभानन्द मुकेश, ईश्वर मंडल, पूर्व सांसद जनाब असफ़ाक करीम, अनिल कुमार, प्रो0 नवीन आर्य चंद्रवंशी, वासुदेव कुशवाहा, श्रीमती कंचन चैधरी, श्रीमती किरण रंजन, श्रीमती प्रतिभा सिंह, डॉ0. भारती मेहता, श्रीमती अंजुम आरा, सुश्री विनीता स्टेफी पासवान, अरविन्द निषाद, श्रीमती अनुप्रिया, हिमराज राम, परिमल कुमार सहित अनेक गणमान्य नेतागण उपस्थित रहे

# पोक्सो मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, हिलसा पुलिस ने भेजा जेल

हिलसा (अपना नालंदा)। पोक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को हिलसा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपी की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

मामले के अनुसंधानकर्ता एवं हिलसा थाना के पुलिस पदाधिकारी रामनाथ राम ने बताया कि पांच दिन पूर्व थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी की घटना हुई थी। पीड़िता की शिकायत पर बनबारीपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार के विरुद्ध हिलसा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।